श्री बांके बिहारी तेरी आरती गाऊं हे गिरिधर तेरी आरती गाऊं Bhajans Bhakti Songs

श्री बांके बिहारी
तेरी आरती गाऊं,
हे गिरिधर तेरी
आरती गाऊं।

आरती गाऊं प्यारे
आपको रिझाऊं,
श्याम सुन्दर तेरी
आरती गाऊं।

बाल कृष्ण तेरी
आरती गाऊं॥
मोर मुकुट प्यारे
शीश पे सोहे।

प्यारी बंसी मेरो
मन मोहे।
देख छवि

बलिहारी मैं जाऊं।

श्री बांके बिहारी
तेरी आरती गाऊं॥
चरणों से निकली
गंगा प्यारी,

जिसने सारी
दुनिया तारी।
मैं उन चरणों
के दर्शन पाऊं।

श्री बांके बिहारी
तेरी आरती गाऊं॥
दास अनाथ के
नाथ आप हो।

दु:ख सुख जीवन
प्यारे साथ आप हो।
हरी चरणों में
शीश झुकाऊं।

श्री बांके बिहारी
तेरी आरती गाऊं॥
श्री हरीदास के
प्यारे तुम हो।

मेरे मोहन जीवन
धन हो।
देख युगल छवि

बलि बलि जाऊं।

Source:
https://www.bharattemples.com/shree-baanke-bihaaree-teree-aaratee-gaoon-he/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw